दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 15 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 346

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भाजपा का सेवा सप्ताह प्रारंभ

**» शाह ने एम्स में बांटे बच्चों को फल**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का फैसला किया है। आज केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सेवा सप्ताह की औपचारिक शुरुआत की। अमित शाह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एम्स पहुंचे। अमित शाह ने यहां मरीजों का हाल चाल जाना और उन्हें फल बांटे। अमित शाह और जेपी नड्डा ने इस मौके पर एम्स में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उनके साथ पूर्वी दिल्ली से बीजेपी के सांसद और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर भी मौजूद थे। शाह ने इस अवसर पर कहा कि बीजेपी सेवा सप्ताह, इस एक सप्ताह, करोड़ों कार्यकर्ता अलग-अलग जगह पर सफाई कार्यक्रम, वृक्षारोपण कर, श्रमदान कर सेवा सप्ताह मनाएगी।

### कजाखस्तान में आयुध डिपो में विस्फोट, चार सैनिक घायल

**अलमाटी।** कजाखस्तान में अलमाटी के ऐरिस शहर में आयुध डिपो में हुए विस्फोट से चार सैनिक घायल हो गये। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 24 जून को आयुध डिपो में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद ऐरिस शहर के निवासियों को वहां से हटा दिया गया और पांच दिन बाद उन्हें वापस लौटने की अनुमति दे दी गयी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह विस्फोट उस समय हुआ जब सेना के जवान डिपो से हथियारों को हटाने का नियमित कार्य कर रहे थे। विस्फोट में सेना के चार जवान घायल हो गए। मंत्रालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों को कोई खतरा नहीं है।

### सऊदी अरामको के दो तेल संयंत्रों पर ड्रोन हमला

**दमिश्क।** सऊदी अरब में सऊदी अरामको के दो तेल संयंत्रों पर ड्रोन हमले के कारण भीषण आग लग गई। अबक़ैक तेल रिफाइनरी और रियाद से लगभग 100 मील दूर खुरैस तेल क्षेत्र के पास एक तेल शोधन संयंत्र में ड्रोन हमलों के बाद भीषण आग लग गयी। भारतीय समयानुसार तड़के 06.30 बजे सऊदी अरामको औद्योगिक सुरक्षा सेवा ने आग बुझाने का काम शुरू किया। प्रवक्ता ने बताया कि कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। हमले के लिए जिम्मेदार व्यक्ति अथवा संगठन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। गौरतलब है कि यमन के हाउती विद्रोह सऊदी अरब के संयंत्रों पर समय-समय पर ड्रोन हमले करते रहते हैं। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार को हाउती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में हवाई मदद मुहैया करा रही है।

### कश्मीर मसले का स्थायी समाधान तलाशें भारत और पाकिस्तान : बोरिस जॉनसन

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि उनका देश चाहता है कि भारत और पाकिस्तान कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप मसले का टिकाऊ राजनीतिक समाधान तलाशें। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन कश्मीर के हालात पर बराबर नजर बनाए हुए है। कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन के पत्र के जवाब में छह सितंबर को लिखे पत्र में जॉनसन ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ब्रिटेन के अहम साझेदार हैं। ब्लैकमैन कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के पक्ष में बोले थे। जॉनसन ने कहा कि कश्मीर को लेकर उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान के संपर्क में है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इमरान खान दोनों से इस मसले पर बात की है।

# विक्रम लैंडर को बचाने सिर्फ एक सप्ताह का बचा समय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लगभग एक हफ्ते का समय बीत जाने के बाद विक्रम से फिर से संपर्क स्थापित करने की उम्मीदें अब धीरे-धीरे धुंधली पड़ती जा रही हैं। इंडियन स्पेस रिसर्च सेंटर (इसरो) चांद की सतह पर विक्रम से संपर्क करने की आखिरी कोशिश में लगा हुआ है। बता दें कि भारत के मिशन चंद्रयान-2 के दौरान चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग से ठीक पहले लैंडर विक्रम से मिशन कंट्रोल का संपर्क टूट गया था।

दरअसल, विक्रम और उसके भीतर मौजूद रोवर प्रज्ञान को चांद की सतह पर एक चंद्र



दिवस (धरती के 14 दिन के बराबर) का वक्त गुजारना था। ऐसे में इसरो के पास अब थोड़ा ही वक्त बचा है।

इसरो के एक वैज्ञानिक ने बताया, जैसे-जैसे वक्त गुजरता जा रहा है, विक्रम से संपर्क करना जटिल होता जा रहा है। उसकी बैटरी खत्म हो रही है। वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है कि अगर बैटरी खत्म हो गई तो विक्रम में जान फूंकने के लिए उसे बिजली देने वाला कोई नहीं होगा। हर गुजरते मिनट के साथ हालात बदतर ही होते जा रहे हैं। एक वैज्ञानिक ने बताया कि विक्रम दूर और दूर होता दिख रहा है।

इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क की एक टीम विक्रम से संपर्क की कोशिश में दिन-रात लगी हुई है। बीते सात सितंबर को विक्रम को सॉफ्ट लैंडिंग करनी थी, मगर चांद की सतह से ठीक 2.1 किमी पहले ही विक्रम का संपर्क इसरो से टूट गया था।

हालांकि, बाद में चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने हार्ड लैंडिंग के बाद सतह पर पड़े विक्रम को खोज निकाला था, जिसके बाद वैज्ञानिकों में फिर उम्मीद जगी थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी विक्रम से संपर्क करने की कोशिशों में जुटा है।

इसरो के वैज्ञानिक ने बताया कि विक्रम की स्थिति फिलहाल जस की तस है। यह अब भी बिजली पैदा कर सकता है। यह अपनी बैटरियों को सौर पैनलों से रिचार्ज कर सकता है। हालांकि, इसमें किसी तरह की प्रगति की उम्मीद अब धुंधली हो चली है।

इसरो के एक और वैज्ञानिक ने बताया, चांद की सतह पर विक्रम की हार्ड लैंडिंग ने उससे संपर्क करने के प्रयास को बेहद दुरूह बना दिया है। यह सही दिशा में नहीं है, जिससे विक्रम इसरो द्वारा भेजे जा रहे रेडियो संकेतों को ग्रहण नहीं कर पा रहा है। सतह पर झटके से उतरने के चलते हो सकता है कि विक्रम को खासा नुकसान पहुंचा हो।

## मंदी की मार : रेल्वे की माल ढुलाई भी प्रभावित

**सिकंदराबाद (आरएनएस)।** देश की अर्थव्यवस्था में पिछले कुछ समय से जारी मंदी के कारण रेलवे की माल ढुलाई बुरी तरह प्रभावित हुई है और अकेले दक्षिण मध्य रेलवे की माल ढुलाई में एक-डेढ़ महीने में 15 लाख टन की गिरावट दर्ज की गयी है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक गजानन मल्ल्या ने कहा, लौह अयस्क का आयात प्रतिबंधित हो गया है। आर्थिक गतिविधियों तथा ढाँचागत निर्माण में सुस्ती के कारण सीमेंट की ढुलाई के ऑर्डर में भी कमी आयी है। इससे पिछले एक-डेढ़ महीने में माल परिवहन में हमें काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि गत एक-डेढ़ माह के दौरान दक्षिण मध्य जोन की माल ढुलाई में 15 लाख टन की कमी आई है हालाँकि कोयला ढुलाई में वृद्धि से कुछ हद तक भरपाई हुई है, अन्यथा नुकसान और अधिक हो सकता था। उन्होंने उम्मीद जतायी कि माल ढुलाई को प्रोत्साहित करने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा 11 सितंबर को की गयी घोषणाओं से बुकिंग बढ़ने में मदद मिल सकती है। रेल मंत्रालय ने व्यस्त अवधि के दौरान माल ढुलाई पर लगने वाला 15 प्रतिशत अधिभार माफ करने की घोषणा की है। इससे 01 अक्टूबर से 30 जून तक 2020 तक कंपनियों को इस अधिभार से राहत मिलेगी।

## इटली के सहयोग से लीबिया में उपलब्ध कराई गई दवाएं : डब्लूएचओ

**त्रिपोली।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि इटली की सरकार की मदद से लीबिया के अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएचओ ने ट्वीट किया, इस सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन पूरे लीबिया में हजारों रोगियों के इलाज के लिए दवा और अन्य सामग्री प्रदान कर रहा है। संगठन ने कहा, त्रिपोली के अस्पतालों और क्लीनिकों में आज दवाओं को पहुंचाया गया और इटली सरकार ने उदारता के साथ सहयोग किया।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि उसने जर्मनी की सरकार और यूएस ऑफिस ऑफ फॉरेन डिजास्टर असिस्टेंस के सहयोग से लीबिया के अस्पतालों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई हैं। सालों तक चले सशस्त्र संघर्ष और आर्थिक अस्थिरता के कारण लीबिया प्रशासन लोगों को उचित स्वास्थ्य और शिक्षा व अन्य बुनियादी सेवाएं प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

# ईडी का बड़ा खुलासा, शिवकुमार के हैं 317 बैंक खाते

**» 800 करोड़ की बेनामी संपत्ति भी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री व कांग्रेस के दिग्गज नेता और पार्टी के लिए संकटमोचक कहे जाने वाले डीके शिवकुमार को दिल्ली की अदालत से शुक्रवार को झटका लगा है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 17 सितंबर तक उन्हें ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि अब तक की जांच में उसे पता चला है कि कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार,, उनके परिवार के सदस्यों और उनके करीबीयों के 20 विभिन्न बैंकों में 317 खाते हैं।



जांच एजेंसी ने दावा किया है कि उसे 200 करोड़ रुपये की मनी लॉड्रिंग का पता चला है। ईडी का कहना है कि उसे कांग्रेस नेता के नाम पर 800 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति मिली है।

एजेंसी का कहना है कि उनकी 22 साल की बेटी ऐश्वर्या के नाम पर 108 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। यह सभी प्रस्तुतीकरण विशेष जज अजय कुमार कुहार के सामने किए गए। जो एजेंसी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे जिसमें शिवकुमार की हिरासत पांच और दिन के लिए मांगी गई थी। अदालत ने 17 सितंबर तक के लिए राजनेता को ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

अदालत ने पाया कि ईडी की जांच को ऐसे समय पर नहीं रोकना चाहिए जब आरोपी के खिलाफ साक्ष्य मौजूद हैं। अदालत ने कहा, ईडी यह सुनिश्चितकरे कि आरोपी अपनी सभी जरूरी दवाएं ले। हर 24 घंटे में या उससे पहले और जब आवश्यकता पड़े तब उसका परीक्षण किया जाए। जज कुहार ने शिवकुमार को रोजाना आधे घंटे के लिए अपने पारिवारिक डॉक्टर के अलावा परिवार के सदस्यों से भी मिलने की इजाजत दे दी।

ईडी ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज के जरिए शिवकुमार की पांच दिनों की कस्टडी मांगी थी। जिसमें हिरासत के समय हुए नए खुलासों का हवाला दिया गया था। विशेष अभियोजक एनके मत्ता के माध्यम से दायर की गई रिमांड याचिका में कहा गया है कि हिरासत में पूछताछ के दौरान शिवकुमार ने टाल-मटोल वाला रवैया अपनाया। कथित धनराशि को एजेंसी ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया।

# व्यापमं घोटाला मामले में दो छात्रों को मिली सजा

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के चर्चित व्यापमं से जुड़े मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने दो परीक्षार्थियों को दोषी पाए जाने पर सात सात वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में व्यापमं के तीन तत्कालीन कर्मचारियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दो परीक्षार्थियों राकेश और तरुण को सजा सुनायी। अदालत ने सीबीआई को इस बात के लिए फटकार लगायी कि सबूत के अभाव में व्यापमं के तत्कालीन कर्मचारी बरी हो गए। अदालत ने कहा कि व्यापमं में गोपनीय स्थान पर रखी ओएमआर शीट कर्मचारियों के सहयोग के बगैर बाहर कैसे जा सकती थी।

अभियोजन के अनुसार व्यापमं की ओर से वर्ष 2013 में पुलिस विभाग के लिए निम्न श्रेणी लिपिक और शीघ्रलेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस संबंध में जून 2013 में एमपीनगर थाने में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट के अनुसार जून माह में ही स्थानीय कॉलेज में निम्न श्रेणी लिपिक और शीघ्रलेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा के बाद ओएमआर शीट (उत्तरपुस्तिका) का लिफाफा खोला गया, तो उसमें से दो ओएमआर शीट गायब थीं। ये शीट राकेश और तरुण नाम के परीक्षार्थियों की थी।

इस मामले की जांच पुलिस ने की और दोनों परीक्षार्थियों के अलावा व्यापमं के कर्मचारी गोपनीय शाखा में पदस्थ भृत्य रितेश कोठे और शंकर सोनी तथा एक सुरक्षा कर्मचारी आशीष वर्मा को आरोपी बनाया गया। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने की और उसने




पांचों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किया। लेकिन सबूतों के अभाव में तीनों तत्कालीन कर्मचारी बरी हो गए। दोनों परीक्षार्थियों को सात सात वर्ष का कारावास सुनाया गया।

## चुनाव के पहले महाराष्ट्र में एनसीपी को झटका

**» उदयनराजे भाजपा में शामिल**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को आज बड़ा झटका लगा जब उसके नेता छत्रपति शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोंसले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया।

भोंसले शनिवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के घर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अलावा अन्य नेता मौजूद थे। महाराष्ट्र में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। भोंसले सतारा सीट से लोकसभा सांसद थे और उन्होंने आज ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया।



उनके भाजपा में शामिल होने के बाद शाह ने ट्वीट कर कहा, ''देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर स्वराज की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे जी ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मैं भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से उदयनराजे जी का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं।''

उन्होंने कहा, ''लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र से जो परिणाम आए थे, उससे भी अच्छे परिणाम विधानसभा चुनाव में आएंगे। महाराष्ट्र का खोया हुआ गौरव लौटाने का काम देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने किया है।''

## यूएनजीए की अध्यक्ष का लगातार शांति को बढ़ावा देने का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा गार्सेस ने कहा कि शांति होना युद्ध न होने की स्थिति से अधिक मायने रखता है और गरिमा और समानता की संस्कृति के माध्यम से इसे लगातार बढ़ावा देने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के डिक्लेरेशन एंड प्रोग्राम ऑफ एक्शन ऑन अ कल्चर ऑफ पीस को अपनाए जाने की 20 वीं वर्षगांठ के मौके पर एस्पिनोसा ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि शांति की संस्कृति वह डोर है जो आगामी पीढ़ियों को युद्ध के संकट से बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक मिशन को एक सूत्र में पिरोती है। एस्पिनोसा ने कहा, इसे गरिमा और समानता, मानवाधिकारों और न्याय, सम्मान और समझ,



और सहयोग और बहुपक्षवाद के माध्यम से निरंतर बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अलग-थलग होकर शांति नहीं पाई जा सकती। इसके लिए साझेदारी, मित्रता, एकजुटता और उदारता की आवश्यकता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सतत विकास के लिए निर्धारित 2030 के एजेंडे को पूरा करने का भी आग्रह किया।

### फिनलैंड के राष्ट्रपति ने यूक्रेन के साथ सैन्य सहयोग समझौते की बात खारिज की

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो ने इस बात से इंकार किया है कि फिनलैंड और यूक्रेन ने सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता किया है। नीनिस्टो ने यह बयान फिनलैंड की राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता टीवी द्वारा प्रसारित एक संवाददाता सम्मेलन में दिया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति की वेबसाइट के हवाले से कहा था कि नीनिस्टो के दो-दिवसीय यूक्रेन दौरे पर सैन्य समझौता हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडीमिर जेलेंस्की द्वारा सैन्य सहयोग से संबंधित बयान के बारे में पूछे पर नीनिस्टो ने कहा कि यूक्रेन ने दो साल पहले सैन्य सहयोग का सुझाव दिया था, लेकिन इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई। मिंस्क समझौतों पर चर्चा करते हुए नीनिस्टो ने कहा कि संघर्ष समाप्त करने के लिए जरूरी हर चीज उपलब्ध है।

# स्पेन में बाढ़ से 5 लोगों की मौत, 3500 लोग बेघर

**मैड्रिड ।** स्पेन के दक्षिण पूर्व में बाढ़ से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी है और 3500 लोग बेघर हो गये है।

वालेंसिया, मर्सिया और पूर्वी अंडालुसिया में कई नदियां उफान पर हैं और उनका पानी किनारे तोड़कर कुछ क्षेत्रों में घुस गया है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गयी है।

अलमेरिया पुलिस के अनुसार बाढ़ के पानी में एक कार सुरंग में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

शहर के मेयर रेमन फर्नांडिज-पाचेको ने कैडेना सेर रेडियो को बताया कि पुलिस अधिकारियों ने वाहन में सवार तीन में से दो लोगों को बचा लिया लेकिन एक व्यक्ति अंदर ही फंसा रह गया।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ग्रेनाडा प्रांत में एक अन्य व्यक्ति कीचड़ और पानी में फंसी अपनी



कार में मृत पाया गया। वहीं अपने घर से पैदल निकला एक व्यक्ति वालेंसिया के रेडोवन गांव में मृत पाया गया।

इससे पहले एक 51 वर्षीय महिला और उसका 61 वर्षीय भाई एक पलटी हुई कार में मृत मिले थे। उनकी कार बाढ़ के पानी में बह गयी थी।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सान्चेज़ ने कहा है कि सेना की आपातकालीन इकाई को तैनात कर दिया गया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

सान्चेज ने ट्वीट कर कहा, एक कठिन और गहन रात। मूसलाधार बारिश के बीच कुछ इलाके अलर्ट पर हैं। अफसोस की बात है कि हम अल्मेरिया में मारे गये तीसरे व्यक्ति का शोक मना रहे हैं। मेरा उन सभी लोगों के परिवारों को प्यार जिनकी मौत हो गयी है और जो इस मौसम से प्रभावित हुए हैं। एहतियात बरतें।

तेज बारिश के कारण अलमेरिया और मर्सिया हवाई अड्डे बंद रहे। प्रतिकूल मौसम के कारण विभिन्न रेलवे लाइनें और क्षेत्र के कई स्कूल भी बंद हैं।